संसद सदस्यों ने श्री जी.वी. मावलंकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 27 नवंबर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; उपसभापति, राज्य सभा, श्री हरिवंश; राज्य सभा में विपक्ष के नेता, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, संसद सदस्यों और पूर्व सांसदों ने आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री जी.वी. मावलंकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में परकाशित श्री जी.वी. मावलंकर के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, श्री पी.सी. मोदी ने भी श्री जी.वी. मावलंकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।